# बच्चे काम पर जा रहे हैं

Question 1.
सुविधा और मनोरंजन के उपकरणों से बच्चे वंचित क्यों हैं?
(a) काम पर जाने के कारण
(b) गरीबी के कारण
(c) अशिक्षा के कारण
(d) अपने माता पिता के कारण

▼ Answer

Answer: (b) गरीबी के कारण

---

Question 2.
बच्चों का काम पर जाना किसके समान है?
(a) पागलपन
(b) एक हादसे के
(c) एक बुराई के
(d) एक तूफान के

▼ Answer

Answer: (b) एक हादसे के

---

Question 3.
बच्चे काम पर जा रहे हैं इसे किस तरह लिखा जाना भयानक है?
(a) विवरण की तरह
(b) गजल की तरह
(c) कविता की तरह
(d) कहानी की तरह

▼ Answer

Answer: (a) विवरण की तरह
विवरण की तरह लिखा जाना भयावह है।

---

Question 4.
काम पर जा रहे बच्चों के हिस्से की गेंद कही गिर गई
(a) मैदान में
(b) अंतरिक्ष में
(c) नदी में
(d) समुद्र में

▼ Answer

Answer: (b) अंतरिक्ष में
शायद अंतरिक्ष में।

---

ISC COACHING CENTRE

Question 5.
उनके खिलौने कहाँ दब गए?
(a) मिट्टी के नीचे
(b) मकान के नीचे
(c) पार्क में
(d) काले पहाड़ के नीच

▼ Answer

Answer: (d) काले पहाड़ के नीच

---

Question 6.
कवि के अनुसार बच्चों की किताबों को कोन खा गई?
(a) भैंस
(b) गया
(c) दीमक
(d) चिडिया

▼ Answer

Answer: (c) दीमक
शायद दीमक खा गई।

---

Question 7.
बच्चे कैसी सड़क से काम पर जा रहे हैं?
(a) कच्ची सड़क
(b) पक्की सड़क
(c) कीचड़ से युक्त सड़क
(d) कोहरे से ढकी सड़क

▼ Answer

Answer: (d) कोहरे से ढकी सड़क

---

Question 8.
'बच्चे काम पर जा रहे है' इस पंक्ति को किस प्रकार लिखा जाना चाहिए
(a) विवरण की तरह
(b) सवाल की तरह कि बच्चे काम पर क्यों जा रहे हैं
(c) आवश्यकता की तरह कि सभी को काम करना चहिए
(d) इस तरह की कर्म ही पूजा है

▼ Answer

Answer: (b) सवाल की तरह कि बच्चे काम पर क्यों जा रहे हैं

---

Question 9.
लोगों को बच्चों का काम पर जाना अटपटा क्यों नहीं लगता?
(a) वे कर्म को ही पूजा मानते हैं

ISC COACHING CENTRE

(b) वे संवेदना शून्य हो गए हैं
(c) उनका मानना है कि काम सभी को करना चाहिए
(d) हमारी सरकार बच्चों को कर्म योगी बनाना चाहती

▼ Answer

Answer: (b) वे संवेदना शून्य हो गए हैं

---

Question 10.
राजेश जोशी का जन्म कब हुआ?
(a) सन् 1915 में
(b) सन् 1916 में
(c) सन् 1948 में
(d) सन् 1950 में

▼ Answer

Answer: (b) सन् 1916 में

---

Question 11.
राजेश जोशी का जन्म कहाँ हुआ?
(a) मध्य प्रदेश के नरसिंह जिले में
(b) कटनी में
(c) मध्य प्रदेश के सतना जिले में
(d) इंदौर में

▼ Answer

Answer: (a) मध्य प्रदेश के नरसिंह जिले में

---

Question 12.
निम्नलिखित में से कौन-सी रचना जोशी जी की नहीं है।
(a) एक दिन बोलेंगे पेड़
(b) मिट्टी का चेहरा
(c) नेपथ्य में हँसी
(d) चाँद का मुँह टेढ़ा

▼ Answer

Answer: (d) चाँद का मुँह टेढ़ा
'चाँद का मुंह टेढ़ा है' रचना मुक्ति बोध की है।

---

Question 13.
राजेश जोशी को निम्नलिखित में से किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
(a) ज्ञानपीठ पुरस्कार
(b) माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार
(c) पदमभूषण
(d) साहित्य अकादमी पुरस्कार

ISC COACHING CENTRE

▼ Answer

Answer: (d) साहित्य अकादमी पुरस्कार
साहित्य अकादमी पुरस्कार से।

---

Question 14.
कवि ने किसके काम पर जाने को भयावह माना है?
(a) बच्चों के
(b) बूटों के
(c) औरतों के
(d) बीमारों के

▼ Answer

Answer: (a) बच्चों के
बच्चों के काम पर जाने को।

---

Question 15.
बच्चों की इस दयनीय स्थिति के बारे में क्या प्रश्न होना चाहिए?
(a) बच्चों से काम कराना चाहिए
(b) बच्चों को क्यों पढ़ना चाहिए
(c) आखिर बच्चे काम पर क्यों जा रहे हैं
(d) बच्चों को स्कूल में दाखिला क्यों नहीं दिया जाता

▼ Answer

Answer: (c) आखिर बच्चे काम पर क्यों जा रहे हैं

---

Question 16.
कवि के अनुसार बचपन कैसा होना चाहिए?
(a) बचपन खुशियों से भरा होना चाहिए
(b) बचपन में काम करना चाहिए
(c) बचपन में पढ़ना भी चाहिए
(d) बचपन मधुर कल्पना जैसा होना चाहिए

▼ Answer

Answer: (a) बचपन खुशियों से भरा होना चाहिए

---

Question 17.
कवि ने सबसे भयावह किसे माना है?
(a) अशिक्षा को
(b) गरीबी को
(c) बच्चों के काम पर जाने को
(d) प्रदूषण को

▼ Answer

ISC COACHING CENTRE

Answer: (c) बच्चों के काम पर जाने को

---

काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

कोहरे से दंकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं
सुबह सुबह
बच्चे काम पर जा रहे हैं
हमारे समय की सबसे भयानक पाकत है यह
भयानक है इमे विवरण की तरह लिखा जाना
लिखा जाना चाहिए इसे सवाल की तरह
काम पर क्यों जा रहे हैं बच्चे?
क्या अंतरिक्ष में गिर गई हैं सारी गर्दें
प्रया दोमकों ने खा लिया है।
सारी रंग बिरंगी किताबों को
क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए है सारे खिलौने
क्या किसी भूकंप में रह गई हैं सारे मदरसों की इमारतें

Question 1.
कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

▼ Answer

Answer: कवि-राजेश जोशी, कविता-बच्चे काम पर जा

---

Question 2.
कवि ने बच्चों का काम पर जाने को भयावह माना और क्यों?

▼ Answer

Answer: कषि ने यस्तों का काम पर जाने को भयावह माना क्योंकि जिन बच्चों को स्कूल में होना चाहिए था उनके सामने ऐसी क्या मजबूरी आ गई कि उन्हें काम करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। इसके लिए दोषी

---

Question 3.
बच्चों को इस दयनीय स्थिति के बारे में क्या प्रश्न होना चाहिए?

▼ Answer

Answer: बच्चों की इस भयावह और दयनीय स्थिति को देखकर वह प्रश्न हाना चाहिए आखिर बच्चे कान पर क्यों जा रहे हैं उनके सामने ऐसी क्या समस्या है? इसके लिए दोषी कौन हैं?

---

Question 4.
कवि के अनुसार बचपन कैसा होना चाहिए था?

▼ Answer

Answer: कवि का कहना है कि बच्चों के हाथों में खिलौने होने चाहिए थे। उनको किताबें लेकर स्कूल में होना चाहिए था। परन्तु इन चीजों से वॉचत होकर उनका बचपन छिन गया है।

---

ISC COACHING CENTRE

Question 5.
इस काव्यांश में कवि ने क्या भाव व्यक्त किए है।

▼ Answer

Answer: कवि बच्चों को काम पर जाते देख बहुत आहत है। यह हमारे समाज के और हमारी सरकार के लिए कलंक की बात है। हमारे समाज का क्या कोई दायित्व नहीं हैं। यदि हमारे बच्चे काम पर जाएँ तो यह हमारे लिए धिक्कार की बात है।

---

मंजूषा से उपयुक्त शब्द/वाक्यांश चुनकर पंक्ति। पूरी कीजिए

(क) हमारे समय की ………….. पंक्ति है यह

▼ Answer

Answer: सबसे भयानक

---

(ख) भयानक है इसे ………. लिखा जाना

▼ Answer

Answer: विवरण की तरह

---

(ग) लिखा जाना चाहिए इस………….

▼ Answer

Answer: सवाल की तरह

---

(घ) काम पर क्यों …………… बच्चे।

▼ Answer

Answer: जा रहे हैं

---

(ङ) क्या ……………. में गिर गई हैं सारी गेंदें

▼ Answer

Answer: अंतरिक्ष

---

सही कथन के सामने (✓) और गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाइए।

(क) माँ बाप की गरीबी के कारण बच्चे काम पर जाते

▼ Answer

Answer: (✓)

ISC COACHING CENTRE

(ख) सरकार को बाल मजदूरी निरोधक कानून पर सख्ती से अमल करना चाहिए।

▼ Answer

Answer: (✓)

---

(ग) यदि माता-पिता बीमार हैं तो सरकार को उनकी सहायता करनी चाहिए।

▼ Answer

Answer: (✓)

---

(घ) जागरूकता फैलाना सरकार का काम नहीं

▼ Answer

Answer: (X)
जागरूकता फैलाना सरकार का काम भी है और सामाजिक कार्यकर्ताओं का भी

---

(ङ) कवि ने बच्चों के काम पर जाने को भयाबह बताया

▼ Answer

Answer: (✓)

---

(च) पिछड़ेपन का सबसे बड़ा कारण अशिक्षा है।)

▼ Answer

Answer: (✓)

---

(छ) बचपन में बच्चों को काम करना चाहिए।

▼ Answer

Answer: (X)
बच्चों को पढ़ना और खेलना कूदना चाहिए।

ISC COACHING CENTRE